बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्

परिवेश भवन, पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र रोड, पटना-800 010
दूरभाष नं0-0612-2261250/2262265, फैक्स-0612-2261050
ई-मेल-bspcb@yahoo.com, वेबसाईट-http://bspcb.bih.nic.in

पत्रांक-पी.सी./पी.आर.-105/प्रेस विज्ञप्ति/2019/**514** पटना, दिनांक:-25.05.2019

प्रेस-विज्ञप्ति

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस, 2019 के लिए 'यूनाइटेड नेशन्स इन्वायरमेंट प्रोग्राम' (UNEP) द्वारा घोषित विषय-वस्तु ''वायु प्रदूषण'' पर केन्द्रित पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान की शुरूआत आज प्रात: प्रारंभ की गई।

कार्यक्रम राजेन्द्र नगर, पटना स्थित 11 बिहार बटालियन एन.सी.सी ग्रुप मुख्यालय से प्रारंभ हुआ। यहां एन.सी.सी. के करीब 125 कैडेट्स द्वारा साइकिल रैली निकाली गयी जो मैक्डॉवेल गोलम्बर, बहादुरपुर ओवरब्रिज होते हुए ओल्ड बाइपास रोड से कुम्हरार पार्क के पास समाप्त हुई।

इसी स्थल पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ''वायु प्रदूषण'' पर केन्द्रित 'नुक्कड़ नाटक' ''जमाना बदलेगा'' का मंचन किया गया। जिसे वहां उपस्थित जन-सामान्य द्वारा सराहा गया।

श्री कुन्दन कुमार द्वारा लिखित नुक्कड़ नाटक श्री विज्येन्द्र कुमार टॉक के निर्देशन में सुश्री सबिया खातून, पूजा राज, मो. जॉनी, श्री नन्दू, अभिषेक राज ड्रमबाज, राहुल रंजन, रोहित चन्द्रा, कुणाल कुमार, जय भारती एवं रौशन कुमार द्वारा मंचित किया गया।

नुक्कड़ नाटक के पश्चात वहां उपस्थित एन.सी.सी कैडेट्स द्वारा वायु प्रदूषण पर केन्द्रित ''एडेसिव स्टीकरों'' जिस पर लिखा था 'CARE FOR AIR ' ; 'स्वच्छ वायु-लंबी आयु' को वहाँ से गुजरते करीब 1500 वाहनों पर चिपकाया गया।

रैली का उद्घाटन संयुक्त रूप से बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के अध्यक्ष अशोक कुमार घोष एवं कर्नल डी.के गौतम, 11वीं बिहार बटालियन, एन.सी.सी., ग्रुप हेडक्वार्टर, पटना द्वारा किया गया।

उक्त नुक्कड़ नाटक का मंचन पुन: आज संध्या 5:30 बजे से संध्या 6:30 बजे के बीच 'शाखा मैदान' राजेन्द्र नगर, पटना में किया जायेगा।

वीरेन्द्र कुमार

(वीरेन्द्र कुमार) 25.05.2019
जन-सम्पर्क पदाधिकारी